पहल | निगमायुक्त ने दौरा कर कार्यों को परखा

# सुंदरता के साथ गलियों की बदली तस्वीर




**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम की पहल से चले स्वच्छता अभियान से शहर की गलियां और बैक-लेन चमक उठीं। दरअसल नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे विशेष सिटी ब्यूटीफिकेशन ड्राइव के अंतर्गत शहर के मुख्य मार्गों के साथ-साथ अब बस्तियों, कॉलोनियों और संकरी गलियों की सूरत भी बदलती नजर आ रही है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वयं कई क्षेत्रों का दौरा कर कार्यों की गुणवत्ता को परखा है। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की कोशिश भी है। स्वच्छता मुख्य चौराहों के साथ कालोनियों बस्तियों में भी दिखाई दे रही हैं तक। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में निगम की टीमों ने उन इलाकों पर विशेष ध्यान दिया है जहां शहर की सघन बस्तियों और कॉलोनियों में लोग रहते हैं।

### स्वच्छता-संस्कृति पर आधारित पेंटिंग, बैक-लेन का सौंदर्यीकरण


अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि बैक-लेन का सौंदर्यीकरण है। पहले जहां ये गलियां गंदगी और अंधेरे का पर्याय मानी जाती थीं, अब वहां आकर्षक वॉल पेंटिंग्स स्थानीय कलाकारों और निगम की टीम द्वारा दीवारों पर स्वच्छता और संस्कृति पर आधारित जीवंत पेंटिंग की गई हैं। गलियों को व्यवस्थित कर वहां पर्याप्त रोशनी का प्रबंध किया गया है। इसके साथ ही अभियान चलाकर कचरा पॉइंट हटाए गए हैं और वहां नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की गई है।

### परशुराम धाम में नि:शुल्क उपनयन संस्कार 20 को

**नवभारत, जबलपुर।** संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा परशुराम धाम ग्वारीघाट में 20 अप्रैल (अक्षय तृतीया) को निशुल्क उपनयन, मुंडन एवं कनछेदन संस्कार का भव्य आयोजन किया जाएगा। पिछले 11 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में इस वर्ष भी बड़ी संख्या में समाजबंधुओं के शामिल होने की संभावना है। अब तक लगभग 11 बच्चों का पंजीयन हो चुका है, जबकि इच्छुक परिवार कछपुरा-गढ़ा मार्ग स्थित ब्रिज बाइक सेंटर के पास मंच कार्यालय में पंजीयन करा सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य जजमान सीताराम कुरचानिया एवं रावेंद्र तिवारी होंगे। आयोजन में निशांत शर्मा, धनंजय बाजपेई, यदुवंश मिश्रा, पं. राजकुमार दुबे, डॉ. अरुण मिश्रा, डॉ. पुष्पा तिवारी, सुधा मिश्रा, आभा तिवारी, आनंद मोहन शर्मा, इंजी. रविंद्र तिवारी, मधुबाला दुबे, सुधाकर मिश्रा एवं मुन्नालाल दुबे सहित अनेक गणमान्यजन सहभागिता करेंगे। मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि इसके पूर्व 18 अप्रैल को मालवीय चौक से कोतवाली तक भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सर्व समाज के लोगों से शामिल होकर दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की गई है। आयोजकों ने सभी समाजबंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता का आग्रह किया गया है।

# भारतीय शास्त्र हमारी आध्यात्मिक मनीषा के प्राणाधार

▸ श्रीरामकथा के छठवें दिन अयोध्या कांड में द्वादश ज्योतिर्लिंग का अद्भुत दर्शन



**नवभारत, जबलपुर।** आयुर्वेद कॉलेज मैदान स्थित अवधपुरी में समरसता सेवा संगठन द्वारा आयोजित श्रीरामकथा के छठवें दिन पद्म विभूषण जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने श्रीरामचरितमानस के अयोध्या कांड, वनलीला और भारतीय दर्शन पर गूढ़ व्याख्या प्रस्तुत की। उन्होंने 'राम जनम जग मंगल हेतू' की विवेचना करते हुए द्वादश ज्योतिर्लिंग, बारह अमंगलों के नाश, बारह मंगलों तथा वनवास काल की प्रतीकात्मकता को विस्तार से समझाया। महाराजश्री ने कहा कि भारतीय शास्त्र हमारी आध्यात्मिक मनीषा के प्राणाधार हैं। उन्होंने सांख्य, योग, वैशेषिक, न्याय, पूर्व मीमांसा और उत्तर मीमांसा को भारत माता के 'छह प्राण' बताते हुए कहा कि भक्ति भारत की आत्मा है और श्रीराम-श्रीकृष्ण परमात्मा के स्वरूप हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वेदांत का अर्थ वेदों का अंत नहीं, बल्कि वेदों के सिद्धांतों का सार है।

कथा के दौरान तुलसी पीठ के युवराज आचार्य रामचंद्रदास जी महाराज ने कथा पूर्व विरदावली प्रस्तुत की। मंच पर स्वामी गिरीशानंद जी महाराज, पगनालंद जी महाराज, कालिकानंद जी महाराज और मैत्रयी दीदी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन ब्रजेश दीक्षित ने किया तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जामदार ने सभी संतों का स्वागत किया।

### पादुकापूजन और आरती में शामिल हुए विशिष्ट जन

पादुकापूजन पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी, सांसद सुमित्रा वाल्मिक, विधायक अजय विश्नोई, समरसता सेवा संगठन अध्यक्ष संदीप जैन, आचार्य पं. वासुदेव शास्त्री, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, दीपांकर बैनर्जी, मिताली बैनर्जी, शंकर लाल खत्री, सावल दास खत्री, समन आसवानी, कैलाश अग्रवाल बब्बा जी, पवन समदड़िया, मृगेन्द्र सिंह, विपिन बिहारी व्यौहार, दिनेश मीरा, पं. आशुतोष दीक्षित, लखन ताम्रकार, राकेश पाठक, सुशांक यादव द्वारा किया गया। आरती में विधायक सुशील तिवारी इंदु, जस्टिस एच.पी. सिंह, पूर्व महापौर प्रभात साहू, अजीत समदड़िया, प्रो. आशुतोष दुबे, पं. देवेन्द्र त्रिपाठी, सुधीर भागचंदानी, विनय केसरवानी बबलू, विक्रम सिंह, दीपक नौगरैया, जय खत्री, अनुरोध पटेरिया, डॉ. महेश प्रसाद नेमा, भोलाराम, अनिल तिवारी, महेश केसरवानी तथा भाजपा महामंत्री रंजीत पटेल शामिल हुए।

### नर्मदा मैया को कथा समर्पित

महाराजश्री ने भावपूर्ण रूप से कहा कि वे यह रामकथा माँ नर्मदा को सुना रहे हैं और उन्हें अनुभव होता है कि नर्मदा जी सूक्ष्म रूप से कथा श्रवण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत की चार महान प्रतिभाएं हैं भगवान वाल्मीकि, महर्षि वेदव्यास, महर्षि पाणिनी और गोस्वामी तुलसीदास। रामचरितमानस भारतीय दार्शनिक परंपरा का अद्भुत काव्य है।

## एक नजर में

### डॉ. आम्बेडकर जयंती पर छात्रों और समाजसेवियों का होगा सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति, जबलपुर द्वारा भीमराव रामजी आम्बेडकर की 135वीं जयंती एवं ज्योतिराव फुले की 199वीं जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन बोधिसत्व नागार्जुन बुद्ध विहार, घमापुर के तत्वावधान में हाईकोर्ट के पास डॉ. आम्बेडकर चौक पर आयोजित होगा। कार्यक्रम में ओजस्वी वक्ताओं की उपस्थिति के साथ सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर विशेष जोर रहेगा। इस अवसर पर 10वीं एवं 12वीं में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों, जेईई, बीईटी, आईआईटी एवं सीए जैसी परीक्षाओं में चयनित प्रतिभाओं को शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं बौद्ध समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले उपासक-उपासिकाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष यादवराव मेश्राम, संयोजक जे.पी. नन्हेट, दीपक मेश्राम, धर्मशील चाटे, दीपक वानखेडे, सिद्धार्थ उरकुडे, वीरेन्द्र बौद्ध, विजय धाबर्डे, चन्द्रकला ढोके, रेखा वालके, सुनीता शेन्डे, मीना खापर्डे, अनिता जनबन्धु, देवेन्द्र मडके सहित अन्य सदस्य कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं। समिति ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।




### फुले जयंती एवं संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा का स्थापना दिवस कल

**नवभारत, जबलपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती एवं संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जबलपुर के स्थापना दिवस के अवसर पर 12 अप्रैल (रविवार) को दोपहर 2 बजे घंटाघर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान भारत के महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम सामाजिक न्याय और अधिकारों की मांग को लेकर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों, अनुसूचित जाति-जनजाति एवं बौद्ध महासभा के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी अपेक्षित है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी', ओबीसी के लिए अलग जनगणना कॉलम, जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व, महिला आरक्षण में वंचित वर्गों के लिए आरक्षण के भीतर आरक्षण तथा ईवीएम के स्थान पर मतपत्र से चुनाव कराने की मांग उठाई जाएगी। आयोजकों रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव, देवेश चौधरी, नोखेलाल प्रजा, सीताराम पटेल, मूलचंद मौरे, जगदीश नन्हेंट, माया देवी कुशवाहा, संतराम कुशवाहा, छोटे पटेल, अरविंद पैग्वार, इंद कुमार कुलस्ते, नेम सिंह, शैलेश लोधी, धर्मेंद्र कुशवाहा, अमृतलाल नागर, रामकिशन यादव, अशोक यादव, देवकरण पटेल, डॉ. रामकेश पटेल, घनश्याम चक्रवर्ती, गया प्रसाद कुशवाहा, रज्जन यादव, देवेंद्र यादव सहित अन्य ने शहर के सभी नागरिकों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### पूर्णवादी नारी फोरम का त्रिदिवसीय अधिवेशन शुरू

**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय पूर्णवादी नारी फोरम (अहिल्यानगर, महाराष्ट्र) का त्रिदिवसीय अधिवेशन श्री दत्त मंदिर में विधिवत प्रारंभ हुआ। 1995 में स्थापित यह विश्वव्यापी संस्था डॉ. विष्णू रामचंद्र पारनेरकर महाराज की 'पूर्णवाद' विचारधारा से प्रेरित होकर महिलाओं के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास हेतु कार्यरत है। अधिवेशन का उद्घाटन डॉ. संगीता गणेश पारनेरकर, स्वागताध्यक्ष डॉ. स्वाती सदानंद गोडबोले, पूर्व महापौर तथा फोरम अध्यक्षा अनघा चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में अंकिता तिवारी (अध्यक्षा, महिला मोर्चा मध्य प्रदेश), संजीव अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, प्रज्वल एवं सारिका श्रीखंडे (आर्किटेक्ट) तथा समाजसेवी अभय गोरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। महाराष्ट्र एवं गुजरात से लगभग 120 महिला प्रतिनिधियों की सहभागिता वाले इस अधिवेशन में 'कुटुंब में माँ का अस्तित्व', 'समाज में नारी का सम्मान' और 'पूर्णवाद आधारित समग्र जीवन शैली' जैसे विषयों पर चर्चा होगी।मुख्य अतिथि डॉ. स्वाती गोडबोले ने महिलाओं के मातृत्व के महत्व को पुनः स्थापित करने का आह्वान किया। वहीं अध्यक्षा अनघा चौधरी ने कहा कि यह मंच महिलाओं को आत्मबोध एवं सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरित करता रहेगा।

### राममोहन गुप्ता बने विधायक प्रतिनिधि



**नवभारत, जबलपुर।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम मोहन गुप्ता को नगर निगम में अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। बता दे कि श्री गुप्ता पहले भी विधायक प्रतिनिधि की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। वहीं, पूर्व विधायक प्रतिनिधि संजय अहिरवार को हाल ही में गठित नगर कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद यह पद रिक्त हुआ था।

# सफल सर्जरी के बाद वैष्णवी की जिंदगी में लौटी मुस्कान

▸ मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से 10 वर्षीय बालिका को मिला नया जीवन



**नवभारत, जबलपुर।** पनागर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूरतलाई निवासी 10 वर्ष 11 माह की बालिका वैशणवी पटैल को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना का लाभ मिला। हृदय रोग से पीड़ित इस बालिका का सफल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन प्रदान किया गया। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी पनागर डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन में आरबीएसके टीम द्वारा ग्राम सूरतलाई में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बालिका में हृदय रोग की पहचान की गई। टीम की सदस्य डॉ. नुपुर नामदेव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च अधिकारियों को जानकारी दी। जिला एवं राज्य स्तर के अधिकारियों के समन्वय से बालिका का तत्काल रजिस्ट्रेशन कर परिजनों की सहमति से उसे उपचार हेतु मुंबई स्थित नारायणा हृदयालय रेफर किया गया। जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उसका सफल नि:शुल्क ऑपरेशन किया गया।

### परिवार ने जताया आभार

सफल सर्जरी के बाद बालिका के परिवार ने मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं आरबीएसके टीम सहित नारायणा हृदयालय मुंबई की चिकित्सा टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

### भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**नवभारत, जबलपुर।** अनंत ब्राह्मण महासभा द्वारा भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव के पूर्व आज 11 अप्रैल को शाम 5 - 8 बजे तक समरसता के साथ समस्त समाज के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण शहीद स्मारक गोल बाजार में आयोजित किया जा रहा है। अनंत ब्राह्मण महासभा के संस्थापक अधिवक्ता अखिलेश उपाध्याय, डॉ. अरूण पाण्डेय, एड. ओ.पी. मिश्रा, रत्नेश पाण्डे, एस. के. पचौरी, आरती दीक्षित, रंजना तिवारी, मंजू दुबे, पूनम तिवारी, ने बताया कि भगवान परशुराम के जीवन चरित्र भारतीय संस्कृति से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न समाज प्रमुखों का तथा सामाजिक संगठनों का सम्मान करने का कार्यकम भी आयोजित किया जा रहा है। अनंत ब्राह्मण महासभा ने उपस्थिति की अपील की है।



# गोरखपुर में गूंजा नवकार महामंत्र

▸ संतों के सानिध्य में विश्व शांति के लिए विशेष आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** सर्वोदयी शांति पदयात्रा के अंतर्गत पोखरा (नेपाल) से दुर्ग (छत्तीसगढ़, भारत) तक जारी आध्यात्मिक यात्रा के दौरान गोरखपुर स्थानक में विश्व नवकार दिवस के अवसर पर नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर मानव मिलन के संस्थापक नेपाल केसरी राष्ट्रसंत डॉ. गुरुदेव मणिभद्र मुनिजी महाराज साहब के सानिध्य में बाल संस्कारक पुनित मुनिजी महाराज, साधना प्रेमी सुदेश मुनिजी महाराज, प्रवचन प्रभाविका महासाध्वी लक्ष्मीजी महाराज साहब, तप चंद्रीका महासाध्वी बैशालीजी महाराज साहब एवं महासाध्वी डॉ. सृजनाजी महाराज साहब उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विश्व शांति और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव ने सभा को संबोधित करते हुए मानव एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया।

# अक्षय तृतीया पर सजेगा सामूहिक विवाह का मंडप

**नवभारत, जबलपुर।** पावन पर्व अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर इस वर्ष भी जबलपुर में सामाजिक समरसता और सादगी की अनूठी मिसाल देखने को मिलेगी। जबलपुर संभागीय कुशवाहा समाज द्वारा आगामी 20 अप्रैल को लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज के विशिष्ट आतिथ्य, पार्षद गौरीघाट श्रीमती शारदा कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष श्री बैजनाथ की उपस्थिति एवं हरगोपाल कुशवाहा की अध्यक्षता में एक भव्य सामूहिक सामाजिक विवाह एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम ग्वारीघाट स्थित कुशवाहा समाज के मुख्यालय कुशवाहा धाम श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, महान सम्राट अशोक चौक में 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे से श्री पंचमुखी हनुमानजी का पूजन उपरांत वैवाहिक एवं परिचय सम्मेलन 10:30 बजे, बारात आगमन एवं द्वार पूजा 11 बजे, जयमाला दोपहर 12:00 बजे, मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत 12:30 बजे, वैवाहिक कार्यक्रम एवं परिचय सम्मेलन दोपहर 1 बजे, मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का उद्बोधन 1:30 बजे, भोजन दोपहर 2:30 बजे से 3:30 बजे तक, विदा समारोह सायं 04:00 बजे एवं कार्यक्रम का समापन एवं आभार सायं 04:30 बजे संपन्न होगा। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त में समाज के युवक-युवतियों का आदर्श विवाह कराया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों में राजेंद्र पटेल,अशोक वर्मा, मुन्ना कुशवाहा भैया आदि ने सभी गणमान्य लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### हिमांशु खरे अध्यक्ष निर्वाचित



**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश की शीर्ष उद्योग एवं व्यापारिक संस्था, फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष पद पर हिमांशु खरे निर्वाचित हुए। हिमांशु खरे ने बताया कि वे उद्योग एवं व्यापार जगत अपेक्षाओं को पूर्ण करने हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर जबलपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, महाकौशल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, कैट, लघु उद्योग संघ सहित सभी औद्योगिक व्यापारिक संगठनों ने हिमांशु खरे को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से बांधा समां

▸ एसआईएचएम में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह आयोजित



**नवभारत, जबलपुर।** संस्था स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रीशन, जबलपुर द्वारा अकादमिक वर्ष 2025-26 के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य देविंदर पाल सिंह सोढ़ी ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संबोधन प्रदान किया। मुख्य अतिथियों के रूप में डॉ. अनिल धगत (कुलपति, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर), सुश्री वशिता (मानव संसाधन प्रमुख, आईटीसी होटल), नमन प्रधान (प्रमुख, अग्रिम कार्यालय, आईटीसी होटल), अभिषेक कुकरेती (महाप्रबंधक, हिल्टन होटल), विशाल शुक्ला (खाद्य एवं पेय प्रबंधक, हिल्टन होटल) तथा हरजिंदर सोढ़ी (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, हुंडई रायपुर) उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बी.एससी. (आतिथ्य एवं होटल प्रशासन) पाठ्यक्रम से सुश्री मेहक खेह्मानी को 'मिस फेयरवेल', हर्षसिमरन सिंह को 'मिस्टर फेयरवेल' तथा मोहित गुर्जर को 'आकर्षक व्यक्तित्व' का खिताब प्रदान किया गया। डिप्लोमा पाठ्यक्रम में सुश्री काजल शर्मा को 'मिस फेयरवेल' तथा शैंकी मिशेल को 'मिस्टर फेयरवेल' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में राज खत्री (व्याख्याता, संविदा) द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम | माता गुजरी महिला महाविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

# रोजगार प्राप्ति में अहम भूमिका निभाता है कौशल विकास



**नवभारत, जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय में कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत नि:शुल्क स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संगीता झाम्ब ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्राओं को लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में निपुणता एवं अनुभव प्रदान करेगा। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पाहवा ने कहा कि कौशल विकास आज के समय की आवश्यकता है, जो रोजगार प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने इसे छात्राओं के भविष्य के लिए मील का पत्थर बताया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत फैशन टेक्नोलॉजी, म्यूजिक एंड सिंगिंग, बेसिक कंप्यूटर लिट्रेसी, बेकिंग एंड केक मेकिंग, ब्यूटी पार्लर एंड मेकअप ट्रेनिंग, स्पोकन इंग्लिश, एआई लिट्रेसी, प्रोफेशनल पेंटिंग, सीए फाउंडेशन तथा कंप्यूटर हिंदी टाइपिंग जैसे विभिन्न कोर्स संचालित किए जा रहे हैं।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के इंचार्ज डॉ. राजुल जैन एवं प्रभात केवट रहे। संचालन डॉ. संगीता सारखेल ने किया। इस अवसर पर डॉ. दीप्ति मिश्रा, डॉ. पूनम शर्मा, डॉ. अरुणा पाठक, डॉ. पुष्पा रमेश, डॉ. श्रुति पुंज, डॉ. भारती रजक, डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ. सपना श्रीवास्तव, डॉ. संगीता तोमर, राकेश तिवारी, राफेल परस्ते, प्रदीप सेन, स्वाति गुप्ता एवं रजविंदर कौर बंसल उपस्थित रहीं।



# बच्चों में बुजुर्गों के प्रति सेवा और सम्मान की भावना विकसित करना जरूरी

▸ कर्मठ संस्था ने बच्चों संग वृद्धाश्रम पहुंचकर की सेवा

**नवभारत, जबलपुर।** कर्मठ संस्था के सदस्यों ने अपने बच्चों के साथ वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों की सेवा की प्रेरणादायक पहल की। इस दौरान बच्चों ने बुजुर्गों के हाथ-पैरों की मसाज कर उनकी तकलीफों को समझा और उन्हें शरबत पिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया। संस्था की अध्यक्ष बलविंदर राज बधान ने कहा कि बच्चों में दादा-दादी, नाना-नानी और आसपास के बुजुर्गों के प्रति सेवा और सम्मान की भावना विकसित करना बेहद जरूरी है। संस्था की ओर से वृद्धाश्रम को 10 स्टील के टिफिन भी दान स्वरूप भेंट किए गए। सेक्रेटरी रीना आहूजा ने सभी सदस्यों से भविष्य में भी अपने बच्चों को साथ लाकर सेवा भावना सिखाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बलजीत रतन ने बुजुर्गों को एक्यूप्रेशर उपचार दिया। कार्यक्रम में नम्रता सिंह, रिया ओबेरॉय, मीना साहनी और पूजा सिंह सहित सभी सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा।